कबाड़ी में दिन दहाड़े लाखों के गहने ले उड़े चोर

बेटी की शादी को बनाकर रखे आभूषणों पर शातिरों ने किया हाथ साफ, पुलिस ने शुरु की जांच

टीम- नगरोटा बगवां

पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत ग्राम पंचायत कबाड़ी के वार्ड नंबर आठ के निवासी त्रिलोक चंद के घर से गुरुवार दोपहर दिन दहाड़े लाखों रुपए के गहने चोरी होने का समाचार है। त्रिलोक चंद ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी के लिए अंगूठियां, झुमके, टॉप्स, चैन, मंगलसूत्र चैन सोने के पेंडल आदि बना कर रखे थे तथा पत्नी के गहने मिलाकर करीब 20 तोले सोना चोरी हुआ है। नगरोटा बगवां पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया तथा त्रिलोक चंद की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। नगरोटा बगवां पुलिस थाने के तहत पिछले करीब दो माह से लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस व प्रशासन से गुहार लगाई है कि चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु सख्त कदम उठाए जाएं तथा क्षेत्र में बाहरी राज्यों से आने वाले संदिग्ध लोगों से भी सख्ती से निपटा जाए। नगरोटा बगवां के पूर्व विधायक अरुण कुमार कुका ने मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर तथा बिगड़ती कानून व्यवस्था पर गहरी चिंता प्रकट की तथा पुलिस प्रशासन से इन बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेने की बात कही।

ताले तोड़े, घर खंगाला, नकली गहनों को नहीं लगाया हाथ

जयसिंहपुर। आलमपुर पुलिस चौकी के तहत गंदड़ पंचायत के मरेरा वार्ड में बंद पड़े एक घर में सेंधमारी का मामला सामने आया है। चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और तीनों कमरों की तलाशी लेकर 15 हजार रुपये नकद व चांदी के आभूषण चुरा ले गए। नकली गहनों को हाथ नहीं लगाया गया। मौके से माचिस मिलने और बिस्तरों की स्थिति से आशंका है कि चोर वारदात के दौरान कुछ समय घर में रुके भी थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इस पूरे प्रकरण को लेकर बैजनाथ के डीएसपी संदीप शर्मा ने बताया है कि पुलिस विभाग हर एक बारीक सुराग को आधार बनाकर गहनता से पड़ताल कर रहा हैए ताकि जल्द से जल्द इन अज्ञात दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके।

भढ़ियाड़ा में निशु मोंगरा ने सुनीं लोगों की समस्याएं, कई विकास कार्यों की घोषणा

जिला संवाददाता-कांगड़ा

एपीएमसी के जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी नरेंद्र निशु मोंगरा ने कहा कि प्रदेश की मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं के माध्यम से कृषि, उद्यानिकी, संबद्ध गतिविधियों तथा अन्य स्वरोजगार व्यवसायों के लिए महिलाओं को ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। वह 'आपका सेवक, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत गांव भढ़ियाड़ा के सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। चौधरी नरेंद्र निशु मोंगरा ने सामुदायिक भवन के लिए छह पंखे, एक हैंडपंप, रास्ते के निर्माण और शौचालय ब्लॉक के निर्माण की घोषणा भी की।

एक नजर....

अवैध टैक्सी संचालन से रोजगार संकट में

हरिपुर। आजाद टैक्सी ऑपरेटर यूनियन हिमाचल के बैनर तले हरिपुर व आसपास के टैक्सी चालकों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निजी वाहनों द्वारा कथित रूप से अवैध टैक्सी संचालन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। टैक्सी ऑपरेटरों ने आरोप लगाया कि कई निजी वाहन बिना परमिट और व्यावसायिक अनुमति के सवारियां ढो रहे हैं, जिससे नियमों का पालन कर टैक्सी व्यवसाय करने वाले चालकों की आय प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। बैठक के बाद यूनियन प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंह के नेतृत्व में टैक्सी ऑपरेटर थाना हरिपुर पहुंचे और कथित अवैध टैक्सी संचालन में शामिल कुछ निजी वाहनों के नंबर पुलिस को सौंपे। उन्होंने पुलिस से नियमित जांच अभियान चलाने की मांग की। सतपाल सिंह ने कहा कि टैक्सी चालक परमिट, टैक्स और बीमा सहित सभी नियमों का पालन करते हैं, इसलिए अवैध संचालन पर रोक लगाना जरूरी है।

पूर्व विधायक रामचंद भाटिया के निधन पर शोक

पालमपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने पूर्व विधायक रामचंद भाटिया के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि रामचंद भाटिया भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता और आदर्श विधायक थे। उन्होंने नगरोटा बगवां क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शांता कुमार ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

शिक्षकों की मांगों पर सरकार से जल्द फैसले की उम्मीद

नूरपुर। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कांगड़ा की वर्चुअल बैठक जिला अध्यक्ष कुलदीप पठानिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में न्यू कॉम्प्लेक्स प्रणाली के विरोध में 26 जुलाई को शिमला में हुए धरना-प्रदर्शन और प्राथमिक शिक्षकों की लंबित मांगों पर चर्चा की गई। जिला महासचिव दिनेश सिंह राणा ने बताया कि आंदोलन को शिक्षकों के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों, एमडीएम वर्कर्स, मल्टी टास्क वर्कर्स और जेबीटी प्रशिक्षित युवाओं का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पदयात्रा को भी प्रदेशभर में व्यापक जनसमर्थन मिला है। संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा धरनास्थल पर पहुंचकर समस्याएं सुनने और समाधान का आश्वासन देने का स्वागत किया। शिक्षा विभाग की ओर से 5 अगस्त को बुलाई गई बैठक में मांगों के समाधान की उम्मीद जताई गई।

दवाइयों और उपकरणों की कमी पर सरकार को घेरा

ज्वालामुखी। जिला भाजपा अध्यक्ष अजय खट्टा, महामंत्री उपेंद्र धीमान, सुशील कालिया, उपाध्यक्ष विजय मेहता, डॉक्टर सुकृत सागर, प्रवक्ता पूजा डोगर, मीडिया प्रभारी अंशुमान शर्मा, ज्वालामुखी भाजपा अध्यक्ष सरोज कुमारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामस्वरूप शास्त्री, महामंत्री अशोक चौधरी ने ज्वालामुखी सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी पर चिंता जताते हुए सरकार से जल्द सुधार की मांग की है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की अल्ट्रासाउंड मशीन कई महीनों से खराब है, जिससे गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को देहरा या निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि अस्पताल में दवाइयों और लैब सुविधाओं का भी अभाव है, जिससे मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अस्पताल में आधुनिक उपकरण, मशीनरी और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। खंड चिकित्सा अधिकारी डा. पवन शर्मा ने बताया कि अस्पताल की समस्याओं से मुख्य चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य मंत्री को अवगत करा दिया गया है तथा जल्द समाधान की उम्मीद है।

प्रवक्ता और प्रवक्ता न्यू व्यवस्था करो खत्म

थुरल। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा ने प्रवक्ताओं के दो पदनाम (प्रवक्ता और प्रवक्ता न्यू) व्यवस्था का विरोध किया है। संघ के जिला अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास और महासचिव बलजीत सिंह अटवाल ने कहा कि समान कार्य करने वाले शिक्षकों के अलग-अलग पदनाम रखना दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे प्रवक्ता वर्ग की गरिमा प्रभावित हो रही है। संघ ने सरकार और शिक्षा विभाग से दोनों पदनामों को समाप्त कर सभी प्रवक्ताओं को एक समान पदनाम देने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

स्थानीय लोगों की आवाजाही नहीं रुकेगी, कंपनी को निर्देश

धर्मशाला। नगर निगम के पूर्व महापौर एवं कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने गुरुवार को सौकणी दा कोट पंचायत के आंबेडकर भवन में ग्रामीणों के साथ बैठक कर प्रियदर्शनी मनूनी हाइड्रो पावर परियोजना से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। ग्रामीणों ने परियोजना के कारण हो रही परेशानियों से अवगत कराया। देवेंद्र जग्गी ने कहा कि परियोजना मार्ग पर लगे बैरियर से स्थानीय लोगों की आवाजाही नहीं रोकी जानी चाहिए। उन्होंने कंपनी प्रबंधन से अनुबंध के अनुसार स्थानीय युवाओं को रोजगार देने और जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने को कहा। बैठक में पेयजल, सिंचाई, सड़क, पर्यावरण और अन्य सुविधाओं को लेकर भी चर्चा हुई। पार्षद प्रवीण प्रकाश ने कहा कि परियोजना का निर्माण सभी नियमों और पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप होना चाहिए तथा स्थानीय लोगों के हितों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

आवा खड्ड पुल की रेलिंग टूटी, हादसे का बढ़ा खतरा

पंचरुखी। अंद्रेटा-पपरोला मार्ग पर आवा खड्ड पुल की हालत खराब होती जा रही है। पुल की रेलिंग उखड़ने लगी है और एक छोर पर बना गड्ढा हादसे को न्योता दे रहा है। पुल के बीच बनी नाली और पानी जमा होने से भी इसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से कई बार समस्या के समाधान की मांग की है। विभागीय अधिकारियों ने जानकारी होने की बात कही है, लेकिन अभी तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है। लोगों ने समय रहते पुल की सुध लेने की मांग उठाई है।

एक नजर....

करियाड़ा नाग मंदिर पहुंचीं विधायक कमलेश ठाकुर

गरली। देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने गुरुवार को ऐतिहासिक करियाड़ा नाग मंदिर में विधिवत हवन-यज्ञ में भाग लेकर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और क्षेत्र के विकास की कामना की। मंदिर के पुजारी कुलदीप सिंह गुलेरिया ने वैदिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना और हवन संपन्न करवाया। विधायक ने प्राचीन नाग पिंडी और सिद्ध बाबा सिंडू के चरणों में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि करियाड़ा नाग मंदिर धार्मिक आस्था के साथ-साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान का भी प्रमुख केंद्र है। मंदिर में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल सहित कई प्रमुख हस्तियां भी समय-समय पर दर्शन के लिए पहुंच चुकी हैं। हवन-यज्ञ के दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से गुलजार रहा।

दाड़ी पटवारी सर्किल में 47 इंतकाल तस्दीक

धर्मशाला। धर्मशाला तहसील के तहत दाड़ी पटवार सर्किल में गुरुवार को 47 इंतकाल तस्दीक किए गए। नायब तहसीलदार वचित्र सिंह ठाकुर ने बताया कि मौके पर पहुंचे लोगों के इंतकाल तस्दीक किए गए हैं। अगला कार्यक्रम 5 अगस्त को योल-2 पटवार सर्किल में होगा। नायब तहसीलदार वचित्र सिंह ठाकुर ने लोगों से आग्रह किया है कि वे समय पर इन कार्यक्रमों में पहुंचकर अपने काम करवा लें। उन्होंने बताया कि धर्मशाला तहसील में तकसीम, निशानदेही, इंतकाल आदि राजस्व कार्यों को तेजी से निपटाया जा रहा है।

जिस पेंशन से चलता था गुजारा, वही पांच महीने से बंद

गरली। गांव थाना बरग्रां के 96 वर्षीय भगवान दास शर्मा पिछले पांच महीनों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन न मिलने से आर्थिक परेशानी झेल रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 25 वर्षों से पेंशन के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से पेंशन नियमित नहीं मिल रही है। भगवान दास शर्मा ने प्रशासन से रुकी हुई पेंशन जल्द जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस उम्र में सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाना संभव नहीं है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मामले की जांच कर पेंशन बहाल करने की मांग उठाई है।

लंगर सेवा पर शुल्क नहीं, सहयोग करे प्रशासन

नगरोटा सूरियां। जवाली ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व मीडिया प्रभारी कृष्ण भारद्वाज ने मणिमहेश यात्रा के दौरान लंगर लगाने वाली संस्थाओं पर लगाए गए 37 हजार रुपये शुल्क का विरोध किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रशासन को शुल्क लगाने से रोका जाए और लंगर संचालकों को सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए मोबाइल शौचालय समेत बेहतर व्यवस्थाएं करने की मांग भी उठाई। भारद्वाज ने कहा कि मणिमहेश यात्रा को सुगम और स्वच्छ बनाने के लिए सरकार को दीर्घकालीन योजनाएं तैयार करनी चाहिए।

कांगड़ा घाटी रेल सेवा पर संघर्ष समिति में रोष

नगरोटा सूरियां। कांगड़ा रेलवे संघर्ष समिति के अध्यक्ष पीसी विश्वकर्मा ने पठानकोट-जोगिंद्रनगर नैरो गेज रेल सेवा बार-बार बंद होने पर रोष जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना ठोस कारणों के रेल सेवा रोकने से जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि 1929 से 2014 तक यह रेल सेवा लंबे समय तक सुचारू रूप से चलती रही, लेकिन वर्ष 2014 के बाद ट्रैक बाधित होने की घटनाएं बढ़ गईं। चक्की पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद लंबे समय तक रेल सेवा बंद रही और 2026 में बहाली के बाद भी कई बार ट्रेनों को रोका गया। विश्वकर्मा ने मांग की कि ट्रैक पर नियमित गश्त बढ़ाई जाए, छोटी समस्याओं के कारण रेल सेवा बंद न की जाए तथा पठानकोट जंक्शन से रेल संपर्क बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि रेलवे क्रॉसिंग की समस्या का समाधान ओवरब्रिज या अंडरपास बनाकर किया जाना चाहिए, न कि ट्रेनों को बंद करके।

कर्मचारियों का लंबा इंतजार खत्म करे सरकार

लंबागांव। आईटीआई प्रशिक्षित पंप ऑपरेटर महासंघ ने प्रदेश सरकार से 15 अगस्त को कर्मचारियों के लंबित 15 प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए) और एरियर जारी करने की मांग की है। महासंघ के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीप डोगरा सहित पदाधिकारियों ने कहा कि महंगाई बढ़ने के बावजूद कर्मचारी लंबे समय से डीए का इंतजार कर रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अभी तक वर्ष 2016 के पे-कमीशन का एरियर भी नहीं मिला है। महासंघ ने पंप आपरेटरों की वेतन विसंगतियों और पदोन्नति से जुड़ी मांगों का भी शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई है।

हड़ल पंचायत में विकास कार्यों की समीक्षा

नूरपुर। नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह निक्का ने ग्राम पंचायत हड़ल के गांव कायला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा पूर्ण हो चुके कार्यों का मौके पर जाकर जायजा लिया। विधायक रणवीर सिंह निक्का ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को सुना। उन्होंने क्षेत्र में प्रस्तावित एवं चल रहे विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करवाने का आश्वासन देते हुए कहा कि नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव का संतुलित विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बरसात से निपटने की तैयारी, ड्रेनेज व्यवस्था सुधारने के निर्देश

कांगड़ा। बरसात के दौरान मंदिर गौसदन कॉलोनी और बज्रेश्वरी घाट क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए एसडीएम कांगड़ा डॉ. अंजलि गर्ग ने अधिकारियों को ड्रेनेज का पानी बनेर खड्ड तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत नई नालियों का निर्माण और मौजूदा ड्रेनेज को बनेर खड्ड से जोड़ने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मौके पर एसडीएम ने स्वयं निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस कार्य में नगर परिषद, लोक निर्माण विभाग और नेशनल हाईवे का सहयोग रहा। उन्होंने लोगों से बारिश के दौरान नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की।

सत महाजन जयंती पर नूरपुर अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

नूरपुर। पूर्व विधायक अजय महाजन ने अपने पिता स्वर्गीय सत महाजन की जयंती के अवसर पर सिविल अस्पताल नूरपुर में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रशासन से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और मातृ एवं शिशु अस्पताल नूरपुर का भी निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत में अजय महाजन ने कहा कि मातृ एवं शिशु अस्पताल नूरपुर को आगामी दो माह के भीतर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल के शुरू होने से क्षेत्र की मातृ शक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि सितंबर 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के कार्यकाल में इस अस्पताल का शिलान्यास हुआ था। उस समय वह नूरपुर के विधायक थे और जेपी नड्डा केंद्र सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे। अजय महाजन ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले जल्दबाजी में अस्पताल का उद्घाटन कर दिया था, जबकि उस समय भवन और आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी तरह तैयार नहीं थीं।

विधायक विपिन परमार बोले, सरकार की नीतियां बार-बार अदालत में हो रहीं बेनकाब

दिव्य हिमाचल टीम-पालमपुर, सुलाह

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सुलाह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने भर्ती एवं सेवा शर्तें अधिनियम-2024 को लेकर हिमाचल प्रदेश सरकार की याचिका सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने पर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे सरकार की 'संविधान विरोधी सोच' पर सर्वोच्च अदालत का करारा जवाब बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता के अहंकार में कर्मचारियों के अधिकारों की अनदेखी करते हुए असंवैधानिक कानून लागू करने का प्रयास किया, जिसे अब सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। विधायक विपिन परमार आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां बार-बार अदालत में बेनकाब हो रहीं हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी जल आयोग, सीपीएस नियुक्तियों, पंचायत चुनाव और भर्ती प्रक्रियाओं सहित कई मामलों में सरकार को न्यायालयों में झटका लग चुका है।

मानव तस्करी रोकने को एकजुट हों समाज

गगल। विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस पर ग्राम पंचायत ढुगियारी में प्रधान निशा देवी की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिवक्ता डिम्पल और पैरा कानूनी सेवक प्रवीण कुमार ने लोगों को मानव तस्करी के कारणों, बचाव के उपायों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि मानव तस्करी समाज के लिए गंभीर चुनौती है, जिसके खिलाफ प्रशासन, पुलिस, संस्थाओं और आम जनता को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने लोगों से संदिग्ध गतिविधियों, जबरन मजदूरी या शोषण की जानकारी तुरंत संबंधित विभागों को देने की अपील की। कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी जागरूक किया गया।

रेल सेवा बनी पहेली, लोगों को अब आश्वासन नहीं समाधान चाहिए

कार्यालय संवाददाता-बैजनाथ

कांगड़ा घाटी रेलवे सेवा के बार-बार प्रभावित होने को लेकर जोनल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) के सदस्य दीपक भारद्वाज ने चिंता जताई है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर कांगड़ा घाटी रेल सेवा नियमित रूप से कब शुरू होगी। उन्होंने कहा कि लंबे इंतजार के बाद जून 2026 में शुरू हुई सीमित रेल सेवा भी अब बंद हो गई है, जिससे लोगों में निराशा है। दीपक भारद्वाज ने कहा कि उन्होंने कांगड़ा घाटी रेलवे के संचालन का मुद्दा लगातार उठाया है। करीब चार वर्षों के अंतराल के बाद जून 2026 में दो ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया था, जिसका शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर और कांगड़ा-चंबा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने किया था। लोगों ने इसे बड़ी राहत माना था, लेकिन खराब मौसम और ट्रैक सुरक्षा कारणों से सेवाएं फिर प्रभावित हो गईं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा घाटी रेलवे क्षेत्र की जीवनरेखा है, जिस पर हजारों विद्यार्थी, कर्मचारी, व्यापारी और पर्यटक निर्भर हैं। उन्होंने रेल मंत्रालय और उत्तर रेलवे से मांग की कि ट्रैक की मरम्मत और सुरक्षा कार्यों को जल्द पूरा कर पठानकोट-बैजनाथ पपरोला-जोगिंद्रनगर रेल सेवा को नियमित किया जाए। दीपक भारद्वाज ने कहा कि जनता को अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि रेल सेवा बहाली की स्पष्ट समयसीमा और स्थायी समाधान चाहिए।

नाबार्ड कार्यालय में सुलाह के विकास का बना रोडमैप

धीरा। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय शिमला में मुख्य महाप्रबंधक डॉ. विवेक पठानिया से मुलाकात कर सुलाह विधानसभा क्षेत्र की विकास योजनाओं पर चर्चा की। बैठक में नाबार्ड के सहयोग से चल रही जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की गई। संजय सिंह चौहान ने सुलाह क्षेत्र में पेयजल योजनाओं, ग्रामीण सड़कों, पुलों, सिंचाई परियोजनाओं और अन्य जनहित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति देने तथा उन्हें जल्द पूरा करवाने का आग्रह किया। डॉ. विवेक पठानिया ने विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

संपत्ति विवाद पर कांग्रेस का पलटवार पूछा- अपने नेताओं का हिसाब दे भाजपा

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रवक्ता पुनीत मल्ली ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की संपत्ति को लेकर एडीआर रिपोर्ट के आधार पर भाजपा नेताओं द्वारा उठाए जा रहे सवालों को राजनीतिक बयानबाजी करार दिया है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित भाजपा नेता जनता को वास्तविक मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। मल्ली ने कहा कि एडीआर किसी व्यक्ति की घोषित संपत्तियों, चुनावी हलफनामों और वैधानिक दस्तावेजों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करता है। संपत्ति में वृद्धि या कमी का आकलन संबंधित दस्तावेजों, आय के स्रोतों और देनदारियों के आधार पर होना चाहिए, न कि राजनीतिक आरोपों के आधार पर। उन्होंने भाजपा नेताओं से सवाल किया कि वे अपने शासनकाल में प्रदेश पर बढ़े कर्ज और अधूरी परियोजनाओं का जवाब दें। मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपनी संपत्ति और वित्तीय जानकारी कानून के अनुसार सार्वजनिक की है। यदि भाजपा के पास कोई तथ्य या कानूनी आधार है तो उसे उचित मंच पर रखना चाहिए। पुनीत मल्ली ने भाजपा नेतृत्व को चुनौती देते हुए कहा कि यदि पार्टी पारदर्शिता को लेकर गंभीर है तो वह अपने वरिष्ठ नेताओं की घोषित संपत्तियों, कार्यकाल के दौरान हुए बदलाव और वित्तीय निर्णयों की जानकारी भी सार्वजनिक करे।

एलआईसी पालमपुर के वरिष्ठ अधिकारी मनोज कुंवर का सम्मानजनक सेवा सफर पूरा

दिव्य हिमाचल टीम-पालमपुर

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की पालमपुर शाखा में 22 वर्षों तक विकास अधिकारी एवं सीनियर बिजनेस एसोसिएट के रूप में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले वरिष्ठ बीमा विशेषज्ञ मनोज कुंवर 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अपने कार्यकाल में उन्होंने उत्कृष्ट व्यवसाय, कुशल नेतृत्व, मानव संसाधन विकास, सामाजिक सरोकार और संगठन निर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देकर अपनी अलग पहचान बनाई। मनोज कुंवर ने वर्ष 1995 में एलआईसी की ऊना शाखा से अभिकर्ता के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। वर्ष 1995 से 2003 तक वे लगातार प्रतिष्ठित क्लब के सदस्य रहे। वर्ष 2003 में उन्हें पालमपुर शाखा में विकास अधिकारी नियुक्त किया गया तथा वर्ष 2010 में सीनियर बिजनेस एसोसिएट के पद पर पदोन्नत किया गया। अपने 22 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने 350 से अधिक लोगों को बीमा सलाहकार के रूप में जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में अनेक अभिकर्ताओं ने उत्कृष्ट व्यवसाय किया, प्रतिष्ठित क्लबों की सदस्यता हासिल की और अपने परिवारों के लिए सम्मानजनक आजीविका स्थापित की।

बारिश ने खोली विकास की पोल, इंदौरा की सड़कें बदहाल

निजी संवाददाता-इंदौरा

इंदौरा विधानसभा क्षेत्र की कई प्रमुख सड़कें इन दिनों बदहाल स्थिति में हैं। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों, उखड़ी सड़क और जलभराव के कारण लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कें अब सुविधा के बजाय हादसों का कारण बन रही हैं। लगातार बारिश से हालात और गंभीर हो गए हैं तथा आए दिन छोटे-बड़े सड़क हादसे सामने आ रहे हैं। सबसे अधिक प्रभावित मार्गों में डाह-कुलाड़ा-मंगवाल-भोजपुर मार्ग, डमटाल-कंदरोड़ी-इंदौरा मार्ग, इंदौरा-बड़ूखर सड़क और भदरोया-कंडवाल सड़क शामिल हैं। इन मार्गों पर सड़क की ऊपरी परत कई स्थानों से उखड़ चुकी है, जिससे बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश के दौरान इनमें पानी भर जाने से वाहन चालकों को सड़क की वास्तविक स्थिति का अंदाजा नहीं लग पाता और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दोपहिया चालक इन गड्ढों के कारण घायल हो चुके हैं इस मुद्दे को लेकर पूर्व भाजपा विधायक रीता धीमान ने प्रदेश सरकार और इंदौरा के कांग्रेस विधायक पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावों के दौरान किए गए विकास के वादे धरातल पर दिखाई नहीं दे रहे हैं और लोग टूटी सड़कों पर सफर करने को मजबूर हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़कों की मरम्मत और अधूरे कार्य पूरे नहीं किए गए तो भाजपा जनता के साथ मिलकर आंदोलन करेगी।

राहत... अब नहीं होगी पार्किंग की परेशानी, उपभोक्ता आयोग परिसर के लिए बना नया प्लान

उपभोक्ता आयोग के बाहर बनेगी यलो लाइन

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला

- धर्मशाला में पार्किंग संकट के स्थायी समाधान की तैयारी, ग्रेविटी पार्किंग योजना पर मंथन

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (कांगड़ा) के धर्मशाला स्थित कार्यालय राम नगर व श्यामनगर रोड़ पर आने वाले फरियादियों, वकीलों और अधिकारियों को जल्द ही पार्किंग की रोजमर्रा की समस्या से बड़ी राहत मिलने वाली है। आयोग परिसर में इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रैफिक और पार्किंग के स्थायी व अस्थायी समाधान को लेकर कई अहम फैसले लिए गए हैं। इस उच्च स्तरीय बैठक में आयोग के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा व सदस्यों के साथ धर्मशाला की डीएसपी निशा देवी और नगर निगम धर्मशाला के कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में हुए विस्तृत विचार-विमर्श के बाद तय किया गया कि आयोग के बाहर सड़क के किनारे येलो लाइन (पीली रेखा) मार्क की जाएगी। नगर निगम के जेई सिद्धार्थ ने आश्वस्त किया है कि सक्षम अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद यह कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, डीएसपी निशा देवी ने आश्वासन दिया है कि यातायात और पार्किंग को नियंत्रित करने के लिए उपभोक्ता आयोग की सिटिंग (सुनवाई) वाले दिनों में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक एक पुलिस कर्मचारी की विशेष रूप से ड्यूटी लगाई जाएगी। पुलिस कर्मियों की समय पर और सुचारू रूप से तैनाती सुनिश्चित करने के लिए आयोग प्रशासन द्वारा भी एक अहम निर्णय लिया गया है। इसके तहत जिला उपभोक्ता आयोग अपनी सुनवाई (सिटिंग) का पूरा शेड्यूल पुलिस विभाग को पहले ही उपलब्ध करवा देगा। जिससे पुलिस विभाग उसी अनुसार अपनी व्यवस्था कर सके।

भविष्य में स्थायी समाधान पर भी मंथन

बैठक में केवल तात्कालिक ही नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्थायी समाधान पर भी जोर दिया गया। नगर निगम धर्मशाला को यह जिम्मेदारी